# इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी के एग्री 'कल्चर' के होंगे दर्शन

- 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा इंटरनेशनल ट्रेड शो
- शो के दौरान 1000 वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाएगा कृषि विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसमें एक तरफ देश- विदेश से आए प्रतिनिधि जहां यूपी की समृद्ध विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं यूपी के एग्री 'कल्चर' के भी दर्शन करेंगे। ट्रेड शो के दौरान कृषि संबधी उत्पादों, उपकरणों, बीज व रसायन निर्माताओं को मंच मिलेगा तो आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और तकनीक से भी रूबरू कराया जाएगा। यहां प्रदेश के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। यह बहुक्षेत्रीय आयोजन होगा। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व एक ही स्थान पर होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग को एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है। इसमें कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि संबंधी संस्थाएं, मंडी परिषद-कृषि विपणन निदेशालय, कृषि उपकरण, उर्वरक, बीज व पौध संरक्षण रसायन निर्माता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग की भी बड़ी हिस्सेदारी रहेगी। इसमें लगभग दो दर्जन से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) हिस्सा लेंगे। इसमें बुलंदशहर के तीन, बहराइच, मीरजापुर, श्रावस्ती के दो, बलिया-बांदा, बस्ती, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, गोरखपुर, हमीरपुर, महराजगंज, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, अलीगढ़ व रामपुर के एक-एक एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) की सहभागिता रहेगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर कृषि विभाग की तरफ से लगने वाली प्रदर्शनी में सीड्स, फर्टिलाइजर, कृषि यंत्रों से जुड़ी कंपनियां भी प्रतिभाग करेंगी। इसमें सिजेंटा, दयाल बायोटेक, ओंकार एग्री ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, इफको, कृभको, इंडियन पोटाश लिमिटेड, कावेरी सीड्स प्रा. लि. समेत कई नामचीन कंपनियों आदि की सहभागिता रहेगी।

सीएम योगी के नेतृत्व में इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखेगा। कृषि विभाग की ओर से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। कृषि- कृषि शिक्षा व बीज विकास निगम से संवाद-समन्वय के लिए अपर कृषि निदेशक प्रसार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मंडी परिषद व कृषि विपणन के लिए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक द्वारा नामित अपर निदेशक स्तर के अधिकारी या उप निदेशक कृषि विपणन नोडल अधिकारी की भूमिका में होंगे। बीज उत्पादन करने वाली कंपनियों की देखरेख के लिए अपर कृषि निदेशक, बीज व प्रक्षेत्र तथा ट्रेड शो में आमंत्रित उर्वरक बनाने वाली कंपनियों के लिए संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कृषि उपकरण व ड्रोन बनाने वाली कंपनियों के लिए संयुक्त कृषि निदेशक अभियंत्रण तथा कीटनाशक कृषि रक्षा रसायनों के लिए अपर कृषि निदेशक, कृषि रक्षा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग व उससे संबंधित स्टार्टअप के लिए आईआईटी कानपुर में अलग विंग संचालित है। आईआईटी कानपुर से समन्वय बनाने के लिए अपर कृषि निदेशक प्रसार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।